## एक नजर में



### निगम अधिकारियों ने जलभराव को दूर करने किया सर्वे

**ग्वालियर 21 अगस्त.** सनवैली रेसीडेंसी रहवासी सहकारी संस्था मर्यादित ग्वालियर के पूर्व एवं प्रभारी अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल व पंकज बंसल ने बताया कि निगम आयुक्त महोदय जी ने अपने वायदे के अनुसार निगम के असिस्टेंट इंजीनियर यश मैकले व जेडओ तनु वर्मा को सर्वे के लिए आज सनवैली के अंदर (पीछे) विंडसर हिल वाले गेट पर भेजा, और उनने हमारे साथ पूरी रोड का सर्वे किया और समझा कि पीछे जो पक्की नाली 12ज्ज का पाइप डालकर बनानी है, जिसकी विधिवत परमीशन हमने लेने के लिए हमने निगम आयुक्त महोदय जी को पत्र दिया है। आज के दिन पूरा सर्वे करके निगम अधिकारियों ने हमसे कहा कि पटवारी के द्वारा रोड का सर्वे व जहां से लाइन जानी है वहां कोई जमीन प्राइवेट तो नहीं है अगर है तो उनकी परमीशन लेकर विधिवत परमीशन ली जाएगी। अगर सरकारी है तो भी विधिवत परमीशन लेकर ही काम किया जाएगा, और फिर दो घंटे के बाद पटवारी अनूप परमार जी ने आकर हमारे साथ पूरी साइड को देखा और हमें आश्वस्त किया कि दो दिन में वहां के सर्वे नंबर किसके हैं सरकारी है या प्राइवेट हैं हमें उपलब्ध करा देंगे ।



### लायंस क्लब की प्रथम केबिनेट मीटिंग नवोत्थान 23 एवं 24 को होगी

ग्वालियर। अंतरराष्ट्रीय संस्था लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 की वर्ष 2025-26 की टीम की कैबिनेट मीटिंग नवोत्थान शपथ ग्रहण समारोह आविर्भाव एवं अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष व कैबिनेट ऑफिसर्स का प्रशिक्षण प्रवर्तन का आयोजन 23 एवं 24 अगस्त को आयोजित किया जा रहा हैं। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुधीर वाजपेयी की अध्यक्षता में प्रथम केबिनेट मीटिंग नवोत्थान 23 अगस्त को दोपहर 2 बजे होटल आदित्याज में आयोजित की जा रही है। केबिनेट मीटिंग का आतिथ्य लायंस क्लब ग्वालियर सेंट्रल द्वारा अध्यक्ष लायन संजय नीखरा एवं टीम के नेतृत्व में किया जा रहा है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुधीर वाजपेयी एवं टीम का केबिनेट शपथ ग्रहण समारोह आविर्भाव 23 अगस्त को शाम 6 बजे ग्रांड कैसल में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन प्रवीण छाजेड़ व लायन रीना धूपिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। शपथ ग्रहण समारोह लायंस क्लब ग्वालियर सिटी के आतिथ्य में अध्यक्ष अमित नत्थानी एवं टीम के नेतृत्व में संपन्न होगा। 24 अगस्त को प्रवर्तन पीएसटी व केबिनेट स्कूलिंग कार्यक्रम डिस्ट्रिक्ट के क्लब के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम लायंस क्लब ग्वालियर दिशा के आतिथ्य में अध्यक्ष लायन मुकेश बिरोनिया एवं टीम के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक श्रीमती निशा चांडक अंतरराष्ट्रीय मोटीवेटर व पूर्व प्रांतपाल लायन नितिन मांगलिक, पूर्व प्रांतपाल लायन अनिल झा, पूर्व प्रांतपाल लायन अनिल नाहर क्लब पदाधिकारियों को उनके दायित्व एवं जिम्मेदारियों के लिए प्रशिक्षण देगे। कैबिनेट सेक्रेटरी लायन रमेश श्रीवास्तव द्वारा पब्लिक स्पीकींग पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### ब्रह्माकुमारीज का मेगा रक्तदान शिविर आज से

ग्वालियर । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, ग्वालियर के प्रभु उपहार भवन, माधौगंज केंद्र पर एक विशाल मेगा रक्तदान शिविर का आज 22 अगस्त को होगा शुभारंभ जो अगले 2 दिन 23 और 24 अगस्त तक चलेगा। यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक संचालित होगा। यह आयोजन संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि (25 अगस्त) विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए केंद्र प्रमुख बीके आदर्श दीदी ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सेवा, समर्पण एवं आपसी भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। शिविर के संयोजक बीके प्रहलाद भाई ने बताया कि यह आयोजन ब्रह्माकुमारीज़ की सहयोगी संस्था राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के समाज सेवा प्रभाग द्वारा देशभर में एक साथ ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय स्तर और शहर की प्रमुख संस्थाओं महाविद्यालओं आदि का सहयोग लिया जा रहा है।

### 24 अगस्त को होगी राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा

**ग्वालियर 21 अगस्त.** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 24 अगस्त को राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2024 का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले आयोग ने परीक्षा में कैलकुलेटर का उपयोग करने के संबंध में विज्ञप्ति जारी की है।इसके तहत परीक्षा में अभ्यर्थी सामान्य कैलकुलेटर का उपयोग कर सकते हैं। साइंटिफिक कैलकुलेटर मान्य नहीं होगा। यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित की जाएगी।अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रोल नंबर डालकर इसे डाउनलोड कर सकते है। यह राज्य स्तरीय परीक्षा है, जिसमें इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स को सरकारी विभागों में तकनीकी पदों के लिए चुना जाता है। इस परीक्षा में चयन 3 चरणों लिखित परीक्षा, साक्षात्कार और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के आधार पर होगा।



### सामूहिक रूप से वैश्य बन्धु संगठित होंगे : ऐरन

**ग्वालियर 21 अगस्त.** अग्रवैश्य परिचय सम्मेलन द्वारा हर माह की 21तारीख को होने वाली 13 वी पारिवारिक मिटींग में आज सभी ने वैश्य समाज को संगठित करने पर विस्तृत चर्चा की कार्यक्रम में अतिथि के रूप में दिलीप अग्रवाल,सतीश गोयल, श्रीमती साधना अग्रवाल, थी, कार्यक्रम महाराजा अग्रसेन जी की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश ऐरन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सामूहिक रुप से वैश्य समाज के सभी घटक वर्गों को जोड़कर सामाजिक एकता की ताकत को बढ़ाने का कार्य होगा, आज आयोजित कार्यक्रम में 24 अगस्त को जौरासी श्री हनुमान मंदिर पर वैश्य बन्धुओं की सामूहिक पारिवारिक गोठ होगा ओर सभी बन्धु अपने विवाह योग्य बच्चों के लिए रिश्ते एक साथ चर्चा कर करेंगे,आज कविता मंगल,पदमा अग्रवाल, मिनाक्षी अग्रवाल को सामाजिक सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में महिलाओं का स्वागत श्रीमती पूनम अग्रवाल, रचना अग्रवाल, ममता अग्रवाल, लेखा गर्ग, वर्षा अग्रवाल, हेमलता अग्रवाल,निशा जैन, सविता अग्रवाल,आभा अग्रवाल, ने किया, कार्यक्रम का संचालन मुकेश सिंघल एवं अनिल गर्ग ने किया,

### ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ देवाशीष चंदा रविवार 24 अगस्त को आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में देंगे अपनी सेवाएं



**ग्वालियर 21 अगस्त.** 24 अगस्त रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉ देवाशीष चंदा ऑर्थोपेडिक सर्जन एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे जिनको 20 वर्षों का घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण का अनुभव है उन्होंने अब तक 10,000 से भी ज्यादा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की है इसके साथ ही डॉक्टर देवाशीष जॉइंट प्रिजर्वेशन सर्जरी,ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी, रिवीजन कंपलेक्स ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी, कार्टिलेज माइक्रो सर्जरी, री एलाइनमेंट ऑफ लिंब की सर्जरी भी करते है।

# त्योहारों से पहले पुलिस ने की कॉम्बिंग गश्त, 271 गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 अगस्त.** आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने व आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से रात्रि में शहर व देहात के थाना क्षेत्रों में देर रात तक कॉम्बिंग गश्त किया गया। इस दौरान अति पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री कृष्ण लालचंदानी, अति. पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्रीमती सुमन गुर्जर एवं ग्वालियर पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों के साथ मय पुलिस बल के ग्वालियर शहर एवं देहात क्षेत्र में कॉम्बिंग गश्त किया। कॉम्बिंग गश्त से पूर्व अनुभाग वार पुलिस बल को अलग-अलग स्थानों पर एकत्रित किया जाकर राजपत्रित

**322 गुण्डा व हिस्ट्रीशीटरों को भी किया चेक**



अधिकारियों द्वारा फोर्स को ब्रीफ किया गया, उसके बाद अलग-अलग क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त के लिए रवाना किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा शहर में स्वयं कॉम्बिंग गश्त का जायजा लिया और पुलिस अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। ग्वालियर पुलिस के अधिकारियों द्वारा अधीनस्थ थाना बल के साथ अपने-अपने क्षेत्र में पैदल गश्त किया गया। इस दौरान उनके द्वारा फरारी बदमाशों, वारंटियों, गुण्डों, हिस्ट्रीशीटरों एवं जिला बदर के आरोपियों की उनके घरों पर चेकिंग के साथ ही बैंक एटीएम एवं होटल, लॉज, धर्मशाला, ढाबों को भी चेक किया। इस गश्त के लिये पुलिस की टीमें बनाकर शहर व देहात क्षेत्रों में संवेदनशील इलाकों में भी गश्त की गई। कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहनों तथा मुंह बांधे दो पहिया वाहन चालकों की विशेष तौर पर चेकिंग की गई।

गश्त के दौरान पुलिस ने जिले में कुल 124 स्थाई वारंट, 147 गिरफ्तारी वारंट तामील कराये गये साथ ही 167 गुण्डा एवं 155 हिस्ट्रीशीटरों को चेक किया। गश्त के दौरान थाना महाराजपुरा, बहोड़ापुर, माधौगंज एवं बिजौली में अवैध शराब का 1-1 तथा डबरा देहात में अवैध शराब के 2 एवं थाना करहिया में जुआ का 1 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया और थाना हजीरा एवं हस्तिनापुर में 1-1 अवैध हथियार सहित आरोपियों को पकड़ा गया और थाना पुरानी छावनी में एक फरारी इनामी आरोपयिं को गिरफ्तार किया गया इसके अलावा 2 अन्य प्रकरणों में कार्यवाही की गई हैं। चैकिंग के दौरान प्रत्येक गुण्डा, बदमाश को चेतावनी भी दी गई कि यदि वह किसी भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। कॉम्बिंग गश्त के दौरान जेल से रिहा होकर आये आरोपियों को भी चेक किया गया। अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से ग्वालियर पुलिस द्वारा की गई यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



## अबेकस मेंटल मैथ्स कंपटीशन के विजेताओं को मिले पुरस्कार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 अगस्त.** एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसाइटी द्वारा दीनदयाल सिटी मॉल पर 13 वीं सेंटर लेवल अबेकस् मेंटल मैथ्स कंपटीशन 2025 का पुरस्कार वितरण और सम्मान समारोह सम्पन्न किया गया। संस्था के अध्यक्ष संजय कट्ठल ने बताया कि 5 अगस्त को 13 सेंटर लेवल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन सिटी सेंटर स्थित आकांक्षा अपार्टमेंट के सामने आयोजित किया गया था। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में दीप्ति तोमर थाना प्रभारी इन्द्र गंज विशिष्ट अतिथि अनिता गुर्जर जी थाना प्रभारी ,डॉ शिखा कट्ठल उपस्थित थीं इस मौके पर मुख्य अतिथि दीप्ति तोमर ने कहा की बच्चों को समय समय पर पुरस्कृत किया जाना चाहिए बच्चों को आगे आने के लिए प्रोत्साहन आवश्यक है डॉ शिखा कट्ठल ने बताया कि पेरेंट्स बच्चों को पढ़ाई के अतिरिक्त किसी ना किसी एक अन्य एक्टिविटी से जरूर जोड़ना चाहिए यह कंपटीशन जूनियर और सीनियर दो कैटेगरी में आयोजित किया गया था। यह कंपटीशन अबेकस प्रशिक्षक अशोक जैन के मार्गनिर्देशन में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता के विजेता और उप विजेता बच्चों को, जिसमें ओवरऑल चैंपियन के लिए 10 बच्चे, ग्रुप चैंपियन के लिए 10 बच्चे, विनर फर्स्ट के लिए 10 बच्चे और विनर सेकंड के लिए 9 बच्चों का सम्मान हूआ और इशिका निगुडकर को भी सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को यह सम्मान उनकी रैंकिंग के आधार पर दिया गया.

## 6 राजस्व कर संग्रहकों को नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 अगस्त.** नगर निगम के राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक कर संग्रहक क्षेत्र क्रमांक 16 मनीष कुशवाह बिना सूचना के अनुपस्थित रहे एवं इनके द्वारा लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं की गई। जिसके चलते इन्हें नोटिस जारी किया गया। इसके साथ ही लक्ष्य के अनुरूप वसूली न करने पर अन्य पांच कर संग्रहकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए।

नोडल अधिकारी राजस्व अनूप लिटोरिया ने बताया कि नगर निगम के राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व कर वसूली की समीक्षा की गई। 4 माह के वसूली लक्ष्य में काफी पीछे रहने पर क्षेत्र क्रमांक 4 के राजस्व कर संग्रहक आकाश कुशवाह द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध 56.5 प्रतिशत, क्षेत्र क्रमांक 12 के राजस्व कर संग्रहक कपिल पांडे द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध 68.43 प्रतिशत, क्षेत्र क्रमांक 17 के राजस्व कर संग्रहक आशीष सोन द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध 2.8 प्रतिशत, क्षेत्र क्रमांक 02 के राजस्व कर संग्रहक देवेन्द्र जाटव द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध 36.37 प्रतिशत, कर संग्रहक क्षेत्र क्रमांक 16 श्री मनीष कुशवाह द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध 2.74 प्रतिशत एवं क्षेत्र क्रमांक 03 के राजस्व कर संग्रहक श्री प्रदीप दोहरे द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध 16.22 प्रतिशत वसूली की गई।

## अध्यात्म से ही परमात्मा को पाया जा सकता है : साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 अगस्त.** महापर्व पर्यूषण के दूसरे दिन आज उपाश्रय भवन में श्रीसंघ के साधकों ने अष्टानिका प्रवचन का लाभ लिया। साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी, साध्वी श्री अमीवर्षा श्री जी, साध्वी श्री भव्योदया श्री जी, साध्वी श्री गुणोदया श्री जी, साध्वी श्री जिनवर्षा श्री जी आदि ठाणा - 5 ने फरमाया कि विश्व में भारत का विशेष आकर्षण रहा है, क्योंकि यहां पर समय-समय में अनेक ऋषि-मुनियों ने जन्म लिया है, आध्यात्म का मार्ग स्वयं अपनाया है और दूसरों को भी उस मार्ग से जोड़कर, परमात्मा का मार्ग बताया है।



साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी ने अष्टानिका व्याख्यान के अंतर्गत आद्रकुमार की कथा का विवेचन किया। कैसे आद्रकुमार को प्रभु प्रतिमा को देखकर जातिस्मरण ज्ञान प्राप्त हुआ फिर उन्होंने संयम अंगीकार कर अपना और अपने 500 सुभरों को आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ाया। साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी ने कहा हमारे जीवन में आराधना जितनी भी हो चलेगी, परन्तु हमारे से विराधना हो इसका विशेष ध्यान रखना चाहिए।

श्री संघ के अध्यक्ष तिलकराज जैन, सचिव लोकेश शाह, कोषाध्यक्ष सुशील श्रीमाल, सहसचिव चैतन्य कोठारी, वरिष्ठ ट्रस्टी गजेन्द्र गुगलिया, संजीव पारख, ट्रस्टी भूषण बांठिया व हर्षित नाहटा ने बताया कि कल पर्व के तीसरे दिन 22 अगस्त, शुक्रवार को प्रात: 8 बजे कल्पसूत्र जी का चल समारोह चांदी की पालकी में मंदिर परिसर सराफा बाजार से प्रारंभ होकर डीडवाना ओली, नईसड़क, दानाओली, मोरबाजार, महाराज बाड़ा होते हुये सराफा मंदिर में पहुंचेगा। इसके उपरांत उपाश्रय भवन में, जहाँ पर कल्पसूत्र के वाचन के लिये साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी को वैराया जायेगा। मंदिर जी में प्रतिदिन रात्रि भक्ति का भी आयोजन हो रहा है, जिसमें श्रीसंघ के श्रावक व श्राविकाऐं अपनी समधुर वाणी से भक्ति संगीत गंगा बहा रहे हैं।

## आईटीएम में तीन दिवसीय ओरियंटेशन प्रोग्राम आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 अगस्त.** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के स्कूल ऑफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिये तीन दिवसीय ओरियंटेशन-2025-26 प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में एसपी सुमन गुर्जर शामिल हुईं। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय, सीएसई विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. गीतांजलि सुरंगे, डीन प्रोफेसर मुकेश पांडे, डीन रिसर्च डॉ. पल्लवी खत्री, प्रोग्राम संयोजक डॉ. शशिकांत गुप्ता, डॉ. मनाली शुक्ला, आनंद पांडेय, आडिया पेड से आशीष चंदेल, टेऊनिंग एंड प्लेसमेंट सेल से अर्पित सिंह चौहान, अरविंद शर्मा, डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक आदि विभिन्न विभागों के प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग के अंतर्गत बीटैक, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियर, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एंड कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए एवं एमसीए) के नव प्रवेशित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



मुख्य अतिथि एसपी सुमन गुर्जर ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप हमेशा सकारात्मक वातारण में रहकर अध्ययन करें। नकरात्मक प्रभावों से दूरी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया पर आज जब भी कोई कमेंट या पोस्ट करें तो अपनी सुरक्षा के साथ-साथ जिम्मेदारी का भी भान होना चाहिए।

स्कूल ऑफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग के ओरियंटेशन प्रोग्राम में आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान ने कहा कि हम ज्ञान को, स्किल को और विज्डम को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां कैसी भी हों, कभी हार न मानें। हर विषय को जानने और सीखने की जिज्ञासा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि मशीनें प्रेम नहीं कर सकतीं, यह केवल मनुष्य का गुण है।

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभावों पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि यह तकनीक हमारी रचनात्मकता और सीखने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है।

डॉ. गीतांजलि सुरंगे ने एआई की भूमिका, प्रायोगिक ज्ञान और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं डॉ. मनाली शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को एलएमएस और एमआईएस मॉड्यूल की कार्यप्रणाली से अवगत कराया।

वहीं स्कूल ऑफइंजीनियरिग एंड टेक्नोलॉजी के डीन प्रोफेसर मुकेश पांडे, डॉ. पल्लवी खत्री, डॉ. शशिकांत गुप्ता ने भी छात्र-छात्रओं को संबोधित किया. आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की ओर से एक्टिविटी में हिस्सा लेने वाले स्टूडेंट्स और वालेंटियर्स को पुरस्कार प्रदान किए गए।



## नये सदर ने ली महिला कांग्रेस की बैठक

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 अगस्त.** नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय शिंदे की छावनी ग्वालियर पर महिला कांग्रेस की बैठक ली और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं संगठन मजबूती को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई एवं महिला कांग्रेस द्वारा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव जी का स्वागत किया गया बैठक में उपस्थित महाराज सिंह पटेल संजय राठौर महिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष गुंजा जाटव बिना भारद्वाज अर्चना चतुर्वेदी चंदन शर्मा रानू शर्मा राजकुमारी कौशल ममता सिकरवार नंदनी कुशवाह कीर्ति पाठक अर्चना पलिया माधवी नरवरिया अनीता पाल सुनीता कुशवाह साधना श्रीवास्तव अंजू खटीक ममता कैन सरला दास मीना पटसरिया कल्पना मांझी रजनी शर्मा कीर्ति पाठक अनुपमा शिवारे रेनू समाधिया सायरा बानो सायरा बाजी नाजरा बानो पिंकी सोनी हुस्ना बेगम रेखा जाटव आशा माहौर रचना कुशवाह मनोरमा सिंह आरती रमाबाई पटेल आदि बहने उपस्थित रही

### एमएलबी में होगी अमृता ध्यान कार्यशाला

**ग्वालियर 21 अगस्त.** महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अमृता विश्व विद्यापीठ द्वारा समग्र स्वास्थ्य और एकीकृत अमृत ध्यान कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के अटल सभागार में किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉक्टर हरीश अग्रवाल करेंगे। भोपाल से आने वाले मुख्य वक्ता इस संबंध में महाविद्यालय के समस्त शैक्षिक एवं अशिक्षित स्टाफ छात्र-छात्राओं को विषय की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करेंगे। कार्यक्रम को गरिमामय आयोजित करने प्राचार्य ने व्यापक तैयारी करते हुए एक समिति का गठन किया है जिसमें संयोजक डॉक्टर दीपक शर्मा एवं सदस्य डॉक्टर रवि कांत द्विवेदी, डॉ त्रिलोचन भट्ट एवं डॉ देवेंद्र चौरसिया को रखा गया है। कार्यक्रम 22 अगस्त को प्रात: 11 प्रारंभ होगा।





**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु फीमेल रिसेप्सनिस्ट की आवश्यकता है।

संपर्क

पता :- सुभाष नगर, हजीरा, ग्वालियर म.प्र.

मोबा. - 7987318589




